भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद्
INDIAN CHAMBER OF FOOD AND AGRICULTURE

प्रेस विज्ञप्ति

लखनऊ, 14 अक्टूबर 2026

एग्रोटेक 2026 में 40 से अधिक देशों के 70 से ज्यादा विदेशी दिग्गजों का होगा लखनऊ में ऐतिहासिक जमावड़ा

पहली बार इतनी बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय सीईओ और कृषि क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी; उत्तर प्रदेश में निवेश, व्यापार, तकनीकी सहयोग और नई परियोजनाओं के खुलेंगे अवसर

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ आगामी 3 से 5 दिसंबर 2026 तक कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि प्रौद्योगिकी और कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय आयोजन की साक्षी बनने जा रही **है। एग्रोटेक 2026 के रजत जयंती संस्करण में 40 से अधिक देशों के 70 से ज्यादा विदेशी उद्योगपतियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ), तकनीकी विशेषज्ञों और कृषि क्षेत्र के शीर्ष प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी।** लखनऊ में कृषि एवं कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर विदेशी प्रतिनिधियों का यह अपनी तरह का पहला आयोजन होने की उम्मीद है।

इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (ICFA) द्वारा आयोजित एग्रोटेक 2026 का आयोजन 3 से 5 दिसंबर को भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में किया जाएगा। इस आयोजन में विदेशी प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी से उत्तर प्रदेश में कृषि निवेश, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, नई परियोजनाओं, आधुनिक तकनीक के हस्तांतरण और वैश्विक व्यावसायिक साझेदारी की अपार संभावनाएं पैदा होंगी।

इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में **ब्राजील, अर्जेंटीना, अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, नीदरलैंड, फ्रांस, इटली, आयरलैंड, केन्या, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, नाइजीरिया, सिंगापुर, तंजानिया, मलेशिया, जापान और ऑस्ट्रेलिया** सहित अनेक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी की पुष्टि हो चुकी है।

दुनिया की प्रमुख कंपनियों के सीईओ होंगे शामिल

एग्रोटेक 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाली सीईओ राउंड टेबल और राज्य कृषि शिखर सम्मेलन में दुनिया की अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों के प्रमुख भाग लेंगे।

इनमें प्रमुख रूप से ऑस्ट्रेलिया के सिस्टिना ग्रुप के संस्थापक एवं सीईओ फैब्रिजियो जॉर्ज, आयरलैंड की टेरा न्यूट्रीटेक के सीईओ पैड्रिग हेनेसी, मिस्र की ग्रैनोस ओरो की संस्थापक एवं सीईओ नूरान एज़ेल्डिन, ऑस्ट्रेलिया के सॉइल सीआरसी के सीईओ डॉ. माइकल क्रॉफर्ड, घाना के मैक्सिगेट ग्रुप के ग्रुप सीईओ डेनिस ओ. कार्टे, अमेरिका के कोलोराडो स्थित एगसेंटिया की सीईओ मार्गरिट माइज़ेल तथा नीदरलैंड स्थित वर्ल्ड एग्रीकल्चर फोरम की निदेशक निकोलेट ज़्वार्ट शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल में इक्रीसैट (ICRISAT) के ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम डायरेक्टर एवं कंट्री रिप्रेजेंटेटिव विक्टर अफारी-सेफा, नाइजीरिया के नेशनल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट फंड के सीईओ ओलाकुनले डाबिरी, संयुक्त अरब अमीरात के रास अल खैमाह इकोनॉमिक ज़ोन के स्ट्रैटेजिक कंट्री मैनेजर–इंडिया मोहम्मद हसीब, अमेरिका की पीजीपीआर सोसायटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष प्रो. एम. एस. रेड्डी तथा अमेरिका के एनिमल अलायंस नेटवर्क की कार्यकारी निदेशक एलेन डेंट सहित अनेक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल होंगी।

उत्तर प्रदेश में निवेश और व्यावसायिक साझेदारी को मिलेगा नया आयाम

तीन दिवसीय आयोजन के दौरान विदेशी सीईओ और उद्योग प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश के उद्यमियों, कृषि कंपनियों, निवेशकों, शोध संस्थानों, सरकारी अधिकारियों और किसानों के साथ सीधे संवाद करेंगे। सीईओ राउंड टेबल, राज्य कृषि शिखर सम्मेलन, व्यावसायिक बैठकों, तकनीकी संगोष्ठियों और प्रदर्शनी के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहयोग की ठोस संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

विशेष रूप से कृषि प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पशुपालन, बीज उद्योग, कृषि मशीनरी, डिजिटल कृषि, कृषि निर्यात, आपूर्ति श्रृंखला और कृषि आधारित उद्योगों में निवेश एवं संयुक्त परियोजनाओं की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

रजत जयंती वर्ष में उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान को मिलेगी मजबूती

वर्ष 2001 में प्रारंभ हुआ एग्रोटेक अपने 25वें संस्करण के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर रहा है। पिछले ढाई दशकों में यह आयोजन किसानों, कृषि उद्यमियों, नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों, शोध संस्थानों और उद्योग जगत को एक मंच पर लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बना है।

इस वर्ष आयोजन की थीम **"उत्तर प्रदेश: असीम संभावनाओं की धरती" (Uttar Pradesh: The Land of Infinite Opportunities)** रखी गई है, जो प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था, विशाल बाजार, कृषि संसाधनों और निवेश की व्यापक संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगी।

तीन दिवसीय एग्रोटेक 2026 में विशाल कृषि प्रदर्शनी, राज्य कृषि शिखर सम्मेलन, सहकारिता सम्मेलन, सीईओ राउंड टेबल, तकनीकी संगोष्ठियां, व्यावसायिक बैठकें और किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

आईसीएफए को उम्मीद है कि इतनी बड़ी संख्या में विदेशी उद्योगपतियों और शीर्ष प्रतिनिधियों की भागीदारी से उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र को वैश्विक बाजारों, आधुनिक तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय निवेश से जोड़ने में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। साथ ही प्रदेश के किसानों, कृषि उद्यमियों, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्योगों के लिए नई व्यावसायिक संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

अधिक जानकारी एवं मीडिया संपर्क:

सुश्री दिप्लिना मिश्रा
वरिष्ठ प्रबंधक
इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (ICFA)
नई दिल्ली
ईमेल: diplina.misra@icfa.org.in मोबाइल: +91-9163332754

Organized by

भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद्
INDIAN CHAMBER OF FOOD AND AGRICULTURE

25th ANNIVERSARY

Host State

25th Edition AgroTech 2026

Expo | Business Meets | Seminars | Farmers' Events

3rd - 5th December 2026 | ICAR-Indian Sugarcane Research Institute, Lucknow

Uttar Pradesh : The Land of Infinite Opportunities



Mr. Mohammad Haseeb
Strategic Country Manager - India
Ras Al Khaimah
Economic Zone (RAKEZ)
UAE



Mr. Olakunle Dabiri
Deputy General Manager -
Technical, National Agricultural
Development Fund, Abuja
Nigeria



Dr Michael Crawford
Chief Executive Officer
SOIL CRC
Australia



Mr. Dennis O. Carte
Group Chief Executive Officer
Maxigate Group
Ghana



Ms. Margaret Maizel
Chief Executive Officer
AgSentia
Colorado



Mr. Victor Afari- Sefa
Global Research Program Director -
Transforming Agrifood Systems (TAS)
& Country Representative - ICRISAT
Ghana



Mr. Fabrizio Jorge
Founder & CEO
Sistina Group
Australia



Mr. Padraig Hennessy
Chief Executive Officer
TERRA NutriTECH
and Ch4guard
Ireland



Prof. M. S. Reddy
Founder & Chairman
Asian PGPR Society for
Sustainable Agriculture
USA



Ms. Nouran Ezzeldin
Founder and CEO
Granos Oro
Egypt

WELCOME

FOREIGN DELEGATES

to the

CEOs Round Table and State Agriculture Summit

www.globalagrotech.in | UP Agrotech | #UPAgrotech